**प्रेसनोट दिनांक 18-09-2026 थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद ।**

**थाना खैरगढ पर साइबर अपराध से सम्बंधित अभियोग किया गया पंजीकृत......**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम / साइबर सेल श्री राजेश घुनावत के नेतृत्व में एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में थाना खैरगढ पर साइबर अपराध से सम्बंधित अभियोग किया गया पंजीकृत ...........**

**वादी के खाते से 04 लाख 53 हजार (4,53,000-/ ) रुपयों का किया गया फ्रॉड.........**

**थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा वादी के 1.25 लाख ( 1,25000-/ ) रुपये कराया गया फ्रीज...........**

**घटना का विवरण---** दिनांक 16.09.2026 को वादी श्री वीरेश कुमार पुत्र श्री छोटे लाल निवासी नगला किरार, थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद द्वारा अपने साथ दिनांक-24-06-2026 को एक काल आया और वादी को उसके एक्सिस मैक्स लाइफ पोलिसी की जानकारी देते हुये बताया गया कि उसकी पोलिसी मे जो बोनस आ रहा है वो एजेन्ट के अकाउंट में क्रेडिट हो रहा है, अगर अपना बोनस अपने अकांउट मे चाहते हो तो निम्न डिटेल्स पर पेमेन्ट भेजना होगा और पोलिसी की बकाया किस्त के रुपये भी कॉलर द्वारा भेजी गई डिटेल्स पर भेजना होगा उसके बाद उसके व्हाट्सएप से वादी के मोबाइल पर क्यूआर कोड और अकाउंट डिटेल्स भेज कर पैसा मंगाया गया । एक्सिस मैक्स लाइफ पोलिसी के रूपयो की धनराशि उसके खाते में दिलाने के नाम पर साइबर फ्रांड़ कर दिया ।

**कार्यवाही का विवरण---**वादी की तहरीर के आधार पर थाना खैरगढ़ पर मु0अ0सं0 209/2026 धारा 318(4) / 319(2) बी.एन.एस. व 66D I.T.Act में अभियोग पंजीकृत किया गया । थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा वादी के 1.25 लाख ( 1,25000-/ ) रुपये फ्रीज कराये गये है ।शीघ्र ही विवेचना के आधार पर फ्राड हुयी धनराशि का सफल अनावरण कराया जायेगा ।